दिनांक 24.11.2023 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

स्व-विवरणी जाॅच में 4359 भवनो में पाये गये अंतर

भिलाईनगर। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और लक्ष्य के विरूद्ध सिर्फ 16.77 प्रतिशत की वसुली पर राजस्व वसुली ठेका एजेंसी पर बिफड पडे अपर आयुक्त। बैठक मे आधी अधुरी जानकारी दिए जाने पर भी एजेंसी को फटकार लगाई।

भिलाई निगम का राजस्व सम्पत्तिकर जलकर , भुभाटक, दुकान किराया, युजर चार्ज वसुली का जिम्मा श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को सौपा गया है। आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर राजस्व वसुली की समीक्षा अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार मे किया जहाँ एजेसी के प्रतिनिधि ने बताया कि 31 हजार से अधिक भवनो से 23.58 करोड रूपया वसुली किया जा चुका है चुनाव तथा त्योहारी मौसम के कारण वसुली की गति मध्यम है इस पर अपर आयुक्त बिफड पडे उन्होंने कहा कि एजेसी की जिम्मेदारी है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व दिये गये वसुली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करे। वित्तीय वर्ष समाप्त होने जा रहा है और मात्र 16.77 प्रतिशत ही वसुल किया गया है।

अपर आयुक्त ने कहा कि एजेंसी वसुली बढाने के लिए वार्डो मे शिविर लगावे निगम क्षेत्र मे मुनादी करावे और आगामी तीन माह के भीतर शत प्रतिशत वसुली कर दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करे।

श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अविनाश ने बताया कि कुल 92 हजार भवनो मे से 31 हजार भवन से 23.58 लाख सम्पत्तिकर की राशि वसुल किया जा चुका है। 4359 घरो से जल की राशि जमा किया गया है उसी प्रकार 1298 स्थल का भुभाटक जमा किया गया है। एजेंसी को 78 करोड रूपये वसुली का लक्ष्य दिया गया है जिसकी वसुली आगामी दिनो और तेज किया जाएगा। इसी प्रकार स्वविवरणी की जाँच में जोन 1 क्षेत्र के 4085 भवनो का किया जा चुका है जिसमे से 1718 भवनो के प्रस्तूत विवरणी तथा स्थल जाँच मे भिन्नता पाया गया है ऐसे भवन स्वामी को अतर कि राशि जमा करने कहा गया है।

औद्योगिक क्षेत्र से युजर चार्ज वसुली मे आ रहे परेशानी से एजेंसी के प्रतिनिधियो ने अपर आयुक्त को अवगत कराया तो उन्होंने स्वास्थ अधिकारी को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

बैठक मे उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे , स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ,सम्पत्तिकर विभाग के सहायक अधीक्षक बी.एल.असाटी, शिव शर्मा, पालेश्वर साहू, संजय शर्मा, ठेका एजेंसी के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।